तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025



12 बैतारी में डायरिया का प्रकोप, एसडीएम गांव पहुंच कर...





13 शहरवासियों को सुव्यवस्थित चौपाटी का सौगात शीघ्र...







## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** खेत से सोलर पंप चोरी के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी अब्दुल नसीम लखानी पिता हाजी अब्दुल अजीज लखानी की कृषि भूमि खसरा नंबर 568 रकबा 2.11 हे. ग्राम बरिहापाली में स्थित है। जिसमें क्रेडा विभाग द्वारा सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी सोलर क्रेडा स्थापित किया गया था, जिसका उपयोग कृषि कार्य हेतु किया जाता है, जिसे 1 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया।

# 22 साल पुरानी आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन में जुटते हैं बच्चे

## बम्हनी में आंगनबाड़ी के जर्जर भवन में नन्हे बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा लेने विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बम्हनी में लगभग 22 साल पुराने आंगनबाड़ी के जर्जर भवन में नन्हे बच्चे अपने प्रारंभिक शिक्षा को पूरा करने मजबूर हो रहे है। यह भवन अब जर्जर की स्थिति में है। दीवारो में दरारें पड़ चुकी हैं। बारिश होने पर छत से पानी टपक रहा है एवं दीवारों में सीलन देखी जा सकती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्याणी निषाद एवं साहिका वीणा साहू ने बताया है कि इस भवन को बने लगभग 22 साल हो चुके है अब यह जर्जर अवस्था में है। दीवारों में दरारे पड़ चुकी हैं एवं बारिश के दिनों में इस भवन में बच्चों को पढ़ाने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश होने पर छतों से पानी टपकता है, इस वजह से बारिश के महीने में पास के महिला सामुदायिक का सहारा लेना पड़ता है। आंगनवाड़ी में बने शौचालय का दरवाजा भी टूटा हुआ है एवं मुख्य द्वार का दरवाजा भी टूटा हुआ है जिसके कारण अंदर में लगे पेड़-पौधों को पशुओ से नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया है कि अभी कुछ दिनों पहले ग्राम पंचायत द्वारा निरीक्षण कर पंचायत प्रस्ताव में शामिल कर भवन के लिए बजट की मांग करने की बात पंचायत द्वारा कहा गया है लेकिन यह मांग कब तक पूरी होगी इसकी जानकारी नहीं है। जर्जर भवन में नन्हे बच्चों को पढ़ाने के लिए परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

### सामुदायिक भवन बना है सहारा

बारिश होने पर आंगनबाड़ी में पानी भर जाने एवं दीवारो में सीलन के वजह से लगभग पिछले दो-तीन सालों से पास में बने महिला सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी संचालित किया जा रहा है। भवन बारिश के दिनों में बच्चों को बिठाने उनके लिए नास्ता एवं भोजन बनाने में परेशानी हो रही है।





### दुर्घटना होने की आशंका

भवन पुराना हो चुका है इस कारण अब भवन की मजबूती नहीं रह गई है। दीवारो एवं छत के प्लास्टर गिरने से कोई भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। जर्जर भवन को देखते हुए अब इस भवन को तोड़कर नये भवन बनाने की दरकार है नही तो आने वाले दिनों में बच्चों के लिए मुसीबत साबित होगी।

## योजना : श्रम अन्न योजना से श्रमिकों का नहीं बल्कि भाजपा पदाधिकारी का भर रहा पेट

# 5 किलो आलू से 400 लोगों को भोजन परोसने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रमिक और पंजीकृत कर्मकारों के लिए श्रम मंडल द्वारा चलाए जा रहे शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत फर्जी जानकारी देकर भुगतान प्राप्ति का खेल चल रहा है। शहर के बस स्टैंड में संचालिक इस सेंटर में दावा किया जा रहा है कि यहां रोजाना 400 लोग भोजन प्राप्त करते हैं। जबकि मौके पर पहुंचे संवाददाता ने देखा कि यहां एक घंटे के दौरान महज 5-7 लोग भी भोजन करने पहुंचे।

बता दें कि अंतर की राशि का भुगतान श्रम मंडल द्वारा किया जाता है, और इस कार्य का सत्यापन स्थानीय श्रम विभाग के कर्मियों द्वारा होता है। पूरी सेंटिंग के तहत फर्जी आंकड़े प्रस्तुत कर अंतर की राशि के बंदरबांट का खेल चल रहा है। मामला सत्तारुढ़ दल के संगठन पदाधिकारी का होने के कारण स्थानीय नेता कुछ नही बोलते बल्कि, संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। मौके पर मौजूद गोपी सिक्का ने बताया कि यहां 400 लोग खाना खाते हैं जबकि टेबल में पड़ी सड़े गले 5 किलो आलू से 400 लोगों को सब्जी परोसा जाना हास्यास्पद नजर आता है। रजिस्टर में फर्जी तरीके से पंजीकृत श्रमिकों के नाम अंकित किए जाने की शिकायत मिली है। जिसकी जांच और सत्यापन के बाद फर्जी वाड़ा सामने आएगा। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने मामले की जानकारी ली और कहा कि सत्यापन हमारे विभाग द्वारा किया जाता है। इसमें गड़बड़ी की शिकायत है तो जांच और निगरानी कराई जाएगी।





### कम उपस्थिति को अधिक दर्शाया जा रहा

हाल ही में प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने दाल भात सेंटरों के संदर्भ में उच्चाधिकारियों से फाईल मंगाई है। संचालन नहीं करने के बाद भी भुगतान करने के साथ महासमुंद जिले में कम उपस्थिति को अधिक दर्शा कर भुगतान प्राप्त करने जैसा और अफसरों से बंदरबांट करने का मामला सामने आ रहा है। मामले में अफसर जांच और निगरानी की बात कर रहे हैं।

### इस तरह से दिया जा रहा धोखा

मौके पर भोजन करने वालों की पंजी का अद्यतन नहीं होना। 40-50 लोगों की बजाय भोजन करने वालों की संख्या को 400 बताया जाना। 400 लोगों के हिसाब से राशन का मौजूद न होना। पंजी में एक ही पंजीयन क्रमांक को कई बार लिखा जाना। एक ही नामों का कई बार उल्लेख करना। अधूरे और फर्जी हस्ताक्षर किया जाकर शासन को गुमराह किया जा रहा है।

**सीसी टीवी कैमरे केवल नाम के :** यहां पर लगे सीसी टीवी कैमरे केवल दिखावे के लिए लगाए गए हैं। कैमरे खराब होने की बात सामने आई है। दरअसल, कैमरे सहीं आंकड़े बता देंगे इसलिए आशंका है कि जानबूझकर इन्हें बंद रखा जा रहा है।

### पालन किया जा रहा मैन्यू

सेंटर कर्मचारी गोपी सिक्का ने बताया है कि रोज लगभग यहां से 400 लोग खाना खाते है। यहां हर दिन अलग अलग मेन्यू में सब्जी बनाया जाता है। आज सोयाबीन बड़ी आलू एवं कड़ी सब्जी बनेगी। गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को टमाटर की चटनी को खाने के मेन्यू में शामिल किया जाता है। गुरुवार को राजमा आलू की सब्जी एवं पापड़, चटनी एवं सलाद खाने में लोगों को दिया गया। खाने के मेन्यू में रोजाना पापड़ शामिल रहता है और जिस दिन दाल नहीं बनती उस दिन सलाद मेन्यू में रहता है। यहां खाना खा रहे लोगों ने बताया है कि 5 रुपए के आधार पर खाना बहुत अच्छा रहता है, लेकिन 400 लोग खाना खाने की बात से इनकार किया।

## ध्वस्त ट्रैफिक व्यवस्था से बड़ी अनहोनी की आशंका





**महासमुंद।** यह तस्वीर है शहर के एफसीआई मार्ग या कृषि उपज मंडी मार्ग की। इस मार्ग में कई स्कूल हैं जहां छुट्टी होने के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही और स्कूली छात्रों की दोपहिया या स्कूल वैन अथवा साइकल से स्कूल आना-जाना करने वाले छात्रों की भारी भीड़ के चलते रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां इस दौरान कोई यातायात पुलिस की मौजूदगी नही होती और न ही इस ओर यातायात विभाग की कोई सजगता है। इस अव्यवस्था और लापरवाही के चलते बड़ी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।




## खबर संक्षेप



### खोकसा स्कूल से तीन छात्राओं का प्रयास स्कूल में चयन

**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खोकसा में अध्यनरत छात्र प्रिंसी चौहान, कात्यायनी चौहान एवं नीतू चौहान का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। संकुल प्रभारी पंचानन ठाकुर, संकुल समन्वयक नंद कुमार चौहान, प्रधान पाठक एनपी नायक, बनकंठी सिदार, महावीर भोई, संत लाल चौहान, भट्ठ, व्याख्याता रूपलाल चौहान, चंद्रकांत चौरसिया, रोहिना प्रभारी प्राचार्य अजय जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, केके साहू समेत विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### इमलीभाठा में मां-बेटे से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के वार्ड 10 इमलीभाठा में महिला और उसके पुत्र के साथ विवाद, गाली गलौज करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मिथिलेश सिंह पति विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 16 जुलाई की दोपहर 2 बजे उसका पुत्र आदित्य सिंह घर से नहा कर निकला तो पड़ोस का रहने वाला नोहर चंद्राकर के साथ वाद विवाद हो रहा था। इसी बीच पडोस का रहने वाले योगेश साहू ने वहां आकर उसके लड़का आदित्य सिंह को तुम बहुत होशियार बन रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा, साथ ही ईंट को फेंककर मारा। जब प्रार्थिया आकर समझाने लगी तो योगेश साहू ने गाली गलौज कर मारने की कोशिश करते हुये धक्का दे दिया, महिला के बांये हाथ में पहले से प्लास्टर लगा था, धक्का देने से ज्यादा दर्द होने लगा है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दो लोगों से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मेदनीपुर में दो लोगों से मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रदीप सोना पिता घनश्याम सोना (21 साल) एवं कन्हैया मलिक पिता बिलास मलिक (17 साल) 5 जुलाई को दोपहर लगभग 12 बजे ग्राम बिजेपुर थाना सांकरा आ रहे थे, इसी दौरान ग्राम भगतदेवरी के दो व्यक्ति करतार सिंग एवं किशन बरिहा ने उन्हें ग्राम भगतदेवरी सल्डीह रोड शिशु मंदिर के आगे तालाब के पास रोका और गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए वीडियो भी बनाया गया और उन्हें चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाए। इसके बाद वे ग्राम भगतदेवरी में अपनी दीदी के घर चले गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मेधावी छात्र परीक्षा में देवराज द्वितीय

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत छात्र ग्राम आमाचानी निवासी देवराज ने मेधावी छात्र परीक्षा में पूरे प्रांत स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिवारजनों को गौरवान्वित किया है। वे डायमंड साहू, टुकेश्वरी साहू के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शंकरलाल साहू, त्रिलोचन साहू, गोविंद साहू, गोपाल साहू, मिथिलेश साहू, खूबलाल साहू, डोमार साहू, सालिकराम साहू, राधेश्याम साहू सहित विद्यालय के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# बैतारी में डायरिया का प्रकोप, एसडीएम गांव पहुंच कर हालत का लिया जायजा, स्थिति नियंत्रण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- स्वास्थ्य विभाग की टीम भी विगत 6 दिनों से बैतारी में डटी, पीड़ितों का इलाज के साथ बांटी जा रही दवाइयां



नगरीय सीमा से लगे ग्राम बैतारी में विगत 7 दिनों से डायरिया का प्रकोप देखा जा रहा है। अब तक 64 लोग इससे पीड़ित हो चुके हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी विगत 6 दिनों से बैतारी में डटी हुई है और पीड़ितों के इलाज में लगी है। इस दौरान अधिकारी एवं जिला चिकित्सा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने भी बैतारी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही पीने के पानी के स्त्रोत का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। इसके अलावा समय-समय पर सरपंच, सचिव, बीएमओ द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया जा रहा है।

बरसात के आगमन के साथ ही मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। विगत कुछ दिनों से लगातार पूरे क्षेत्र में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। इसके साथ ही लोगों में मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बैतारी में विगत 11 जुलाई से डायरिया का प्रकोप फैलने लगा है। स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी लगते ही 12 जुलाई से ही गांव में स्वास्थ्य शिविर लगा दिया गया है और डायरिया के मरीजों की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डायरिया से बचाव के लिए जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक ने बताया कि बैतारी में विगत 6-7 दिनों से डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं और अब तक कुल 55 मरीज पाये गए हैं। इनमें से 41 पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं और 6 लोगों का घर पर ही इलाज चल रहा है। वहीं 7 मरीजों को शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि एक मरीज ओडिशा में इलाज करवा रहे हैं।

अब डायरिया के मामले कम हो रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। डॉ नायक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम बैतारी में तैनात है और लगातार स्थिति पर नजर रखी हुई है। एक एमबीबीएस चिकित्सक, एएनएम व आरएचओ की टीम अलग-अलग शिफ्ट में वहाँ लगातार ड्यूटी दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही घरों में गोलियां भी बांटी गई है।

# क्षेत्रीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में रायपुर जिला बना जनरल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



संभागीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में 15 वर्ष, 17 वर्ष एवं बालिका वर्ग में 17 वर्ष का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय पिथौरा के खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद विद्यालय पिथौरा के प्राचार्य एमडी.प्रधान एवं प्रतियोगिता के सह संयोजक सुधीर प्रधान द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करा कर किया गया। इसमें संभाग के पांच जिलों जिसमें रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदा बाजार सहित मेजबान महासमुंद के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप भी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे, अंजली बरमाल जिला क्रीड़ा अधिकारी महासमुंद, लक्ष्मी डड़सेना विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा, शिक्षा संचालक के ऑब्जर्वर बृजभूषण सिंह ठाकुर, संयुक्त संचालक कार्यालय से कुंतल बाघमार, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य एमडी प्रधान, शासकीय रणजीत कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा के प्राचार्य बीके बघेल के विशेष आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में बालक 17 वर्ष फाइनल मैच में स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ रायपुर ने सेंट स्टीफन स्कूल जगदीशपुर जिला महासमुंद, बालिका 17 वर्ष में मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबे कॉलोनी रायपुर ने अजीत प्रेमजी शंकर दा स्कूल धमतरी एवं बालक वर्ग 14 वर्ष में स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ रायपुर ने सर्वोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी को पराजित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का हकदार बना। विजेता एवं उप विजेता दलों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। उक्त प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने संबोधित करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल के महत्व को समझाया।

प्रतियोगिता में विकासखंड के खेल प्रभारी राजेश साहू, योगेश सोनवानी, नारायण गभेल, रमेश श्रीवास्तव, प्रदीप सिन्हा, हरीश निषाद, अन्नपूर्णा यादव, सदा राम ध्रुव, इंद्राणी भास्कर, जगत राम दीवान, सजन मिरी, हेमंत बारीक, गौरी शंकर पटेल, होरी लाल रजक, हेमकुमारी पटेल, पीयूष परोहा, रेशमलाल पटेल, मोहम्मद रफीक, युवराज, साकेत डड़सेना का विशेष योगदान रहा। समापन समारोह का संचालन सुधीर प्रधान ने किया।

# सदस्यों को अधिकार, कर्तव्य एवं विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

## जिला पंचायत सदस्यों का आधारभूत प्रशिक्षण हुआ



**महासमुंद।** जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत सदस्यों के लिए एक दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नव निर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों को पंचायत से जुड़े अधिकारों, कर्तव्यों तथा विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में उपसंचालक पंचायत दीप्ति साहू द्वारा 73वें संविधान संशोधन, जिला पंचायत सदस्यों की भूमिका, सामान्य सभा एवं स्थाई समिति की प्रक्रिया, 15वें वित्त आयोग, जिला पंचायत विकास योजना, सतत विकास लक्ष्य एवं इससे संबंधित 9 प्रमुख थीमों के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के लेखाधिकारी गोपेश कुमार होता ने बजट निर्माण एवं प्रबंधन की प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं प्रभारी जिला ऑडिटर अशोक चंद्राकर ने पंचायतों में कर व्यवस्था और ऑडिट प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सहायक परियोजना अधिकारी मनोज गुप्ता ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों को मिलने वाले अधिकारों और पंचायत की जवाबदेही से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यगण रामदुलारी सिंह, देवकी पटेल, देवकी पुरुषोत्तम दीवान, जगमोती भोई, कुमारी भास्कर, जुगनू जागेश्वर चंद्राकर, नैन पटेल, मोक्ष कुमार प्रधान, करण सिंह दीवान एवं लोकनाथ बारी उपस्थित रहे।

# नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी से जुड़े प्रभारी प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




सरायपाली विकासखंड में एक और शासकीय शिक्षक पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। शासकीय हाईस्कूल नवागढ़ में पदस्थ एलबी व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य रूपानंद पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्राप्त शिकायतों के अनुसार पटेल, एसआर ग्रुप नामक नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी से जुड़े पाए गए हैं। आरोप है कि वे न केवल इस कंपनी से जुड़े हुए हैं, बल्कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं। चूंकि वे एक शासकीय सेवक हैं, इस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां सेवा आचरण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन मानी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया है कि वे 15 जुलाई 2025 तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। ऐसा न करने की स्थिति में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं शिक्षक की होगी। इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है। जिसमें संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर, कलेक्टर महासमुंद, शिक्षा संकुल रायपुर और बीईओ सरायपाली शामिल हैं।

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सरायपाली विकासखंड में कई शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, विशेषकर शिक्षक एवं पंचायत सचिव, नेटवर्क मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं। यह सिर्फ एक मामला नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर फैली प्रवृत्ति की शुरुआत का संकेत माना जा रहा है। प्रशासनिक हलकों में इसे लेकर गहरी चिंता है और संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में और भी नाम सामने आ सकते हैं।


# बम्हनी में मोबाइल कैंप शिविर 18 को

## विकासखंडों में संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण के लिए मोबाईल कैंप शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन के निर्देशानुसार जिले में मोबाइल कैं्प शिविर का आयोजन कर संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाना है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों में कुल 27 स्थलों पर 18 जुलाई से 29 अगस्त 2025 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 18 जुलाई को ग्राम बम्हनी में, 28 को चिंगरौद, 04 अगस्त को ग्राम भलेसर, 12 अगस्त को ग्राम मोंगरा एवं 20 अगस्त को ग्राम मोरधा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 21 जुलाई को ग्राम दारगांव, 29 जुलाई को पचेड़ा, 05 अगस्त को मामाभांचा, 13 अगस्त को डोंगरपाली, 21 अगस्त को ओंकारबंद एवं 29 अगस्त को ग्राम खल्लारी में, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 22 जुलाई को ग्राम अरंड, 30 जुलाई को मोहदा, 06 अगस्त को परसापाली, 14 अगस्त को भोकलूडीह, 22 अगस्त को राजासेवैया एवं 28 अगस्त को ग्राम बरतुंगा, बसना विकासखंड अंतर्गत 23 जुलाई को ग्राम बंसुला, 31 जुलाई को अरेकेल, 07 अगस्त को बड़ेढाबा, 18 अगस्त को दूधीपाली एवं 25 अगस्त को ग्राम छांदनपुर में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 25 जुलाई को ग्राम बोडेसरा, 01 अगस्त को कुटेला, 11 अगस्त को सेमलिया, 19 अगस्त को बाराडोली एवं 27 अगस्त को ग्राम भोथलडीह में मोबाईल कैंप का आयोजन होगा।



### सफाई अभियान

**महासमुंद।** स्थानीय कचहरी चौक वाहन चालक मालक संघ द्वारा गुरुवार को सफाई अभियान का आयोजन किया गया। संघ सदस्यों द्वारा कुछ समय से कूड़ा कचरा प्लास्टिक सहित डिस्पोजल की भरमार के कारण गंदगी बदबू हो गई, जिसे साफ-सफाई किया गया। सदस्यों ने कहा कि साफ-सफाई रखना हम सभी का दायित्व है। जिससे बीमारी न फैले पाए।

# इंस्पायर मानक योजना के लिए विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड स्तर पर इंस्पायर मानक योजना 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक विद्यालयों से विद्यार्थियों की नवाचारी प्रविष्टियां प्राप्त करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-समन्वय बैठक का आयोजन कार्मेल स्कूल बागबाहरा में किया गया।

यह बैठक विकासखंड अंतर्गत संचालित मिडिल, हाई तथा हायर सेकंडरी शालाओं के विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित की गई, जिसमें योजना की जानकारी, नामांकन प्रक्रिया, मापदंड एवं तकनीकी पक्षों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा एवं एबीईओ रामता डे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने विज्ञान शिक्षकों को इंस्पायर मानक योजना की अवधारणा, महत्व एवं शिक्षकों की भूमिका पर संबोधित करते हुए नवाचार को विद्यालयीन गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी वर्मा ने कहा कि इंस्पायर मानक योजना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक चेतना एवं रचनात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि विकासखंड के प्रत्येक विद्यालय से कम से कम पांच प्रविष्टि पोर्टल पर नामांकित होनी चाहिए, ताकि हमारे विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हो सके। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान शिक्षकों की भूमिका केवल विषय अध्यापन तक सीमित नहीं है, अपितु विद्यार्थियों के भीतर छिपी नवाचार क्षमता को पहचान कर उसे दिशा देना आज की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को सोचने, प्रश्न करने और समाधान सुझाने के लिए प्रेरित करें, जिससे ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि के छात्र भी देश के नवाचार मंच पर पहचान बना सकें। बैठक को सेजेस कोमाखान प्राचार्य हीरा सिंह नायक, वरिष्ठ संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया व गुरुदत्त पटेल ने संबोधित करते हुए समय सीमा में नॉमिनेशन प्रविष्ट करने तथा रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में ब्लॉक इंस्पायर मानक नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर सुबोध तिवारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने योजना की कार्यप्रणाली, छात्र नामांकन की पात्रता, प्रविष्टि अपलोड करने की तकनीकी प्रक्रिया, ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग, नवाचार के संभावित विषय, मॉडल निर्माण के सुझाव एवं पूर्व वर्षों के चयनित विचारों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से पोर्टल पर प्रविष्टि दर्ज करने की प्रक्रिया का लाइव डेमो भी दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विकासखंड के प्रत्येक शासकीय व निजी विद्यालय से कम से कम पांच नामांकन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर चयन समिति गठित कर नवाचार योग्य विचारों का चयन कर मानक पोर्टल पर समयावधि में अपलोड किया जाएगा। साथ ही, अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में विकासखंड स्तरीय इंस्पायर मानक समीक्षा/पुनरीक्षण बैठक का आयोजन भी प्रस्तावित है।

बैठक में विकासखंड के समस्त संकुलों से आए 100 से अधिक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। उपस्थित शिक्षकों ने योजना के क्रियान्वयन के लिए सकारात्मक अभिवृत्ति व्यक्त करते हुए नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया। यह प्रशिक्षण-सह-समन्वय बैठक विज्ञान शिक्षकों के लिए अत्यंत जानकारीपरक, प्रेरणादायक एवं नवाचारोन्मुख सिद्ध हुई। बैठक में विकासखखंड स्त्रोत समन्वयक भुपेश्वरी साहू, संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला, कार्मेल स्कूल प्राचार्य सिस्टर अर्पिता, तरुण राव सहित विज्ञान शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रेलवे फाटक पर फुट ओवरब्रिज निर्माण को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रेलवे प्रशासन संबलपुर डिवीजन द्वारा रेल्वे फाटक पर फुट ओव्हरब्रिज निर्माण के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के नेतृत्व में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता आनंद साहू, अमरजीत खालसा, प्रिंस चावला, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी ने सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से भेंटकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि फुट ओवरब्रिज उक्त रेलवे फाटक पर उपयोगहीन है। बल्कि आम लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी। पूर्व में भी रेलवे प्रशासन द्वारा फाटक बंद करने पर चक्काजाम जैसा आन्दोलन पटरी पार की जनता की थी और स्थानीय भाजपा नेताओं ने तत्कालीन सांसद के हस्तक्षेप के बाद केंद्रीय मंत्री के आदेश से फाटक खुला था। रेलवे प्रशासन फिर वही स्थिति करना चाह रही है। जिसका पटरी पार की जनता विरोध कर रही है। फुट ओवरब्रिज निर्माण को रोकने और फाटक खुला रखने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पार्षदगण माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, जरीना हफीज कुरैशी, जय देवांगन ने अपनी ओर से अलग-अलग ज्ञापन सौपकर की है। सभी ने एक स्वर में कहा कि पटरी पार शहर की 40 प्रतिशत जनता निवास करती है। स्कूली बच्चे, सायकल, हाथ ठेला वालों को फुट ओवरब्रिज चढ़ने में तकलीफ होगी। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ई-मेल एवं रेलवे डीआरएम से दूरभाष पर चर्चा कर फुट ओवरब्रिज निर्माण को निरस्त करने कहा। मामले को गंभीरता से लिया। इसी तरह जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पूर्ण आश्वस्त किया है कि फुट ओवरब्रिज निर्माण निरस्त करने रेलवे प्रशासन को पत्र भेजा जा चुका है। जनमत का पूरा ध्यान रखते हुए फुट ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। आप सभी पूर्ण रूप से आश्वस्त रहे तथा फाटक भी आम जनता के लिए खुला रहेगा। डीआरएम से दूरभाष पर मना कर दिया गया है।

# मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले 4 पशु मालिकों को पालिका ने जारी किया नोटिस

**महासमुंद।** यदि आप अपने गाय को सड़कों पर आवारा छोड़ देते हैं तो आप सावधान हो जाएं। क्योंकि आने वाले दिनों में नगर पालिका आप के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। सड़कों पर पशुओं को आवारा छोड़ने वाले मालिकों को ढूंढ निकालने के लिए नगर पालिका एक अनोखे अभियान की शुरुआत करने जा रही है। यदि शाम को आपकी गाय घर लौटे तो उसके गले में कोई नोटिस देख आप चौके नहीं। दरअसल, पालिका ने यह नोटिस आपको भिजवाई है।

यदि आने वाले दिनों में भी आप अपने पशुओं को इसी तरह से आवारा छोड़ देंगे तो पालिका आपके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी तो सिर्फ चेतावनी देने की शुरुआत हुई है। लेकिन, उसके बाद भी पशुओं को आवारा छोड़ने वाले मालिक नहीं माने तो जुर्माना के अतिरिक्त अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका प्रशासन सड़क पर पशुओं को आवारा छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। जिसके लिए आज 4 पशु पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया है कि बार- बार जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी नगर की सड़कों पर आवारा पशु दिखते हैं। पशु पालकों द्वारा गाय और भैसों को तब तक पाला जाता है जब तक वे दूध देती है। दूध देने वाले गौवंश गंभीर बीमारी से ग्रसित होने या दूध देना बंद कर देने पर उन्हें सड़क पर छोड़ दिया जाता है। ऐसे पशुपालक के खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



### खेलते-खिलखिलाते नन्हे कदमों से संवर रहा भविष्य

**महासमुंद।** नन्हे कदमों से गूंजते आंगन, दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स, कविताएं गुनगुनाते बच्चे और खेल-खेल में सीखने की ललक कुछ ऐसी ही सजीव और संजीव छवि अब जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की बन गई है। महासमुंद शहरी सेक्टर-1 स्थित संजय नगर-2, दलदली रोड और विश्वकर्मा वार्ड के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र इसकी सजीव मिसाल हैं, जहां आंगनबाड़ी अब केवल पोषण और देखभाल का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास की पाठशाला बन चुकी हैं। इन केंद्रों की सजावट किसी प्ले स्कूल से कम नहीं है। दीवारों पर उकेरी गई रंगीन चित्रकारी और शैक्षणिक चार्ट नन्हे मन को पढ़ाई की ओर आकर्षित कर रहे हैं। अक्षर ज्ञान, गिनती, कविताएं और व्यवहारिक ज्ञान बच्चों को सहज व रोचक तरीके से दिया जा रहा है।


**चर्चा: नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रस्ताव पर पीआईसी मेंबरों ने दी सहमति**

# शहरवासियों को सुव्यवस्थित चौपाटी का सौगात शीघ्र, दुकानों की होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

13 साल बाद शहर को सुव्यवस्थित चौपाटी

- प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक ने 15 एजेंडों पर चर्चा, सर्व सम्मति से पारित हुए प्रस्ताव



की सौगात मिल सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल पर अब शीघ्र चौपाटी की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने जा रही है। यह निर्णय गुरुवार को पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में लिया गया। दोपहर 12 बजे नगर पालिका महासमुंद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही अनेक बिंदुओं पर चर्चा भी हुई। नगर विकास का संकल्प के साथ पीआईसी सदस्यों ने अध्यक्ष साहू द्वारा चर्चा में लाए गए सभी बिंदुओं पर सहमति देते हुए शहर व शहरवासियों के हित में बताया। बैठक में मुख्य रूप से अनेक एजेंडों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें चौपाटी स्थित दुकानों की नीलामी सहित रायपुर रोड एचडीएफसी बैंक के समीप से सितली नाला बागबाहरा रोड तक एवं नेहरू चौक से रेलवे स्टेशन तक रोड डिवाइडर में नए पौधे लगाने, वार्ड मोहर्रिरों द्वारा किये जा रहे टैक्स वसूली में गति लाने, निकाय सीमा क्षेत्र में स्थित खाली प्लॉटों पर टैक्स निर्धारण करने, जगत विहार कॉलोनी (कौशिक कालोनी) में निर्मित भवनों के वैधता के संबंध में, वार्ड 29 भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में अध्यक्ष निधि से शवदाह स्थान के ऊपर शेड निर्माण कार्य के लिए प्राप्त निविदा दर, अटल आवास आवंटन संबंधी नस्ती निकाय में उपलब्ध नहीं होने तथा अटल आवास से किसी भी प्रकार का निकाय को राजस्व प्राप्त नहीं होने पर आगे के कार्रवाई, मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत संचालित सभी ई-रिक्शे की मरम्मत कार्य कराए जाने, निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित भवनों पर टैक्स निर्धारण करने सहित कुल 15 एजेंडों पर चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई के लिए प्रस्तावित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, उप अभियंता दिलीप कश्यप, प्रभारी राजस्व निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, प्रभारी लेखपाल करण यादव, जल प्रभारी सीताराम तेलक, दुर्गेश कुंजेकर, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्श, यशवंत ठाकुर आदि विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने किया हायर सेकेंडरी स्कूल बनपचरी का निरीक्षण

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हायर सेकेंडरी स्कूल बनपचरी का आकस्मिक निरीक्षण अपने टीम के साथ किया। इस मौके पर उनके साथ जिला पंचायत सीईओ भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के बच्चों के साथ पढ़ाई और दिनचर्या पर चर्चा की और बच्चों से कहा कि विद्यालय में दिए गए गृह कार्यों को प्रतिदिन पूरी लगन से करें। बच्चों ने भी निरीक्षणकर्ताओं के सवालों का बेझिझक जवाब दिए। जिला के सबसे बड़े अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित और खुश लग रहे थे। विद्यालय की सुव्यस्थित संचालन के लिए विद्यालय स्टाफ को सराहा। उच्च अधिकारियों के इस तरह के प्रोत्साहन से निश्चय ही शिक्षकों और बच्चों में नया और तत्परता से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।



### फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्लू, रेड एवं यलो हाऊस विजयी

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। खेल की शुरुआत शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने की। खेल में चार हाऊसों की टीम ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ब्लू, ग्रीन, रेड, यलो हाऊस की टीम ने फुटबॉल मैच को काफी रोचक बना दिया। इस आयोजन में सर्वप्रथम बालिका वर्ग में ब्लू हाऊस एवं रेड हाऊस सेमी फाइनल में पहुंचे, जिसमें ब्लू हाऊस ने रेड हाऊस को मात दे दी। जूनियर बालक वर्ग में रेड हाऊस एवं यलो हाऊस के बीच खेले गए मैच में रेड हाऊस की टीम ने यलो हाऊस की टीम को हराकर शानदार जीत हासिल की। इसी प्रकार सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाऊस एवं यलो हाऊस के बीच खेले जाने वाले इस मैच में यलो हाउस ने ब्लू हाऊस को परास्त कर दिया। यह मैच अत्यंत मनोरंजक एवं उत्साह वर्धक रहा, जिसका भरपूर लाभ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उठाया। इस खेल में क्रीड़ा प्रभारी छन्नू लाल साहू का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## विधानसभा घेराव के लिए निकले संविदा एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी, पुलिस से झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज सातवें दिन भी जारी रहा। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांगें नियमितीकरण, जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल बीमा, लंबित 27% वेतन वृद्धि आज तक लंबित हैं।

चरणबद्ध आंदोलन के तहत आज प्रदेशभर से आए एनएचएम कर्मचारियों ने राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव किया। इस दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी की स्थिति भी बनी। 10 जुलाई को प्रदेश के सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। 11 जुलाई को भाजपा जिलाध्यक्षों को ज्ञापन दिया गया। 12 से 15 जुलाई तक सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्यस्थलों में ड्यूटी पर डटे रहे। 16 जुलाई : सभी 33 जिलों में ताली-थाली रैली एवं धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। 17 को रायपुर में विधानसभा घेराव एवं प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहा कि यदि 15 अगस्त तक सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं लेती तो प्रदेशभर के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं को ठप करने पर विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**एनएचएम कर्मचारियों की व्यथा:** एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि 20 वर्षों से वे समान काम के बदले समान वेतन, नियमितीकरण जैसी मूलभूत माँगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोरोना काल में ताली-थाली बजवाने वाली सरकार आज उन्हीं कोरोना योद्धाओं की उपेक्षा कर रही है। कर्मचारियों ने व्यथा जाहिर की कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी उन्हें मजबूरी में आज ताली-थाली बजाकर अपना विरोध दर्ज कराना पड़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि 100 से अधिक बार ज्ञापन, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, अधिकारियों को सौंपने के बावजूद सरकार चुप्पी साधे हुए है। यदि 15 अगस्त 2025 तक मांगें पूरी नहीं होती तो प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ठप कर दी जाएगी। अनिश्चित कालीन आंदोलन करने विवश होंगे। उक्त जानकारी महासमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 90 लोगों को चश्मा वितरित

**झलप।** स्व. नारायण लाल गुप्ता की स्मृति में चलो अंजोर की ओर का कार्यक्रम ग्राम पंचायत झलप परिसर आयोजित किया गया। यह आयोजन गुप्ता परिवार एवं एमजीएम आंख अस्पताल रायपुर के सहयोग से हुआ।

शिविर में सुबह 10 बजे एमजीएम अस्पताल रायपुर द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ एवं ग्राम प्रमुख ने विधिवत पूजा अर्चना कर नेत्र परीक्षण का शुभारंभ किया। झलप सहित आसपास के ग्राम के लगभग 185 लोगों ने पंजीयन करा कर जांच कराया। जिसमें 90 महिला एवं पुरुषों को चश्मा निःशुल्क वितरण किया गया एवम 6 लोगों को एमजीएम अस्पताल निःशुल्क आपरेशन के लिए ले जाया गया। स्व नारायण लाल गुप्ता की स्मृति में आयोजित इस पुण्य कार्य की प्रबुद्धजनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवम जरूरतमंद की मदद करना ही सच्ची सेवा करना ईश्वर को प्राप्त करना है कहा। इस पुनीत कार्य के मार्ग दर्शक ग्राम झलप के सरपंच राकेश साहू थे। इसमें सहरनीय योगदान गुप्ता परिवार का था। शिविर में विशेष अतिथि के रूप में सहयोगी के रूप में प्रमोद कुमारी गुप्ता, जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सीटू, उपसरपंच किशन कोसरिया, ग्रामीण विकास समिति के सचिव कौशल देवांगन, शम्मी सलूजा, त्रिलोक सिंह सलूजा, राम प्रसाद यादव, यूसुफ खान, नीरज अग्रवाल, हरिकिशन अग्रवाल, हेमेंद्र नाथ योगी, बृजेश मिश्रा,




अशोक जोशी, राजेश श्रीवास्तव, चैतु मारकंडे, भागवत यादव, गज्जु ध्रुव, यूनुस, छोटू नामदेव, शिवा गुप्ता, थमलेश यादव, शालनी मसीह सहित एमजीएम अस्पताल के प्रोग्राम कोडिनेटर कुलदीप रमेश एवं मेडिकल टीम उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने के लिए अतुल, मनीष गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

## नमस्ते दिवस पर सफाई कर्मचारियों को नपाध्यक्ष निखिलकांत ने किया पीपीई किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नमस्ते दिवस पर पालिका कार्यालय में सीवर और सेप्टिक टैंक में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट और रैनकोट का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालिका क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों को उनके अधिकार, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सम्मान के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि स्वच्छता कर्मी नगर के असली नायक हैं। इनकी मेहनत और समर्पण के बिना स्वच्छ और स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। नगर पालिका प्रशासन इनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साहू ने आगे कहा कि इन कर्मचारियों की मेहनत को प्रणाम करने का इससे अच्छा अवसर हमें नहीं मिल सकता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बख्श, रमा महानंद आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र 202507120600056
अ-6 अ वर्ष 2024-25
ग्राम महासमुंद प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुमारी यादव पिता स्व. शिवप्रसाद यादव जाति राऊत निवासी महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद में भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 685/686/51 रकबा 0.014 हे. परिवर्तित भूमि राजस्व रिकार्ड में शिवप्रसाद पिता सोमनाथ यादव के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। आवेदिका के पिता शिवप्रसाद पिता सोमनाथ की मृत्यु दिनांक 13.10.2017 को हो चुका है। उक्त भूमि आवेदिका के पिता की खरीदी हक की भूमि है, जो विधिवत नामांतरण होने के पश्चात आवेदिका के पिता शिवप्रसाद पिता सोमनाथ के नाम पर दर्ज हुआ है, आवेदिका के पिता शिवप्रसाद पिता सोमनाथ यादव की भूमिस्वामी हक की खरीदी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 685/686/51 रकबा 0. 014 हे. भूमि को आनलाईन रिकार्ड में आवेदिका के पिता शिवप्रसाद पिता सोमनाथ यादव के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में किसी को कोई दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 31/07/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार, महासमुन्द**



## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 27 जुलाई 2025 को किया जाएगा। यह परीक्षा जिला मुख्यालय के 25 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा के सफल संचालन और सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आदिवासियों का पुनर्वास क्यों नहीं करना चाहती है राज्य सरकारः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी



जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि राज्य की साय सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार विफल साबित हुई है। और जैसा सरकार बोल रही है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त कर देंगें पर सरकार जवाब दे कि जो लोग सलवा जुडूम विस्थापित हुए थे वे लोग आज कहां हैं? पुनर्वास के तहत जो कैंप में गए थे उनकी वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्पष्ट करें! जो गांव वीरान पड़े हैं, वो लोग कहां गए और अगर उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है तो सरकार ने क्या कदम उठाए? निश्चित ही सरकार की मंशा जंगल को किसी और के हाथ में देने की है, क्योंकि अगर पुनर्वास नहीं होते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि किसी भी प्रकार के ग्राम सभा का आयोजन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### 22 को एक दिवसीय आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन पिथौरा ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपते हुए 22 अगस्त को एक दिवसीय आंदोलन की चेतावनी दी है। फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर पिथौरा में भी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों के समर्थन मे नारेबाजी करते हुए एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह को बुधवार को ज्ञापन सौंपा।

# छात्रों को प्राथमिक सहायता एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के सिखाए गए गुर

## जूनियर रेडक्रॉस काउंसिलर का प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की विद्यालयों में अध्ययन, अध्यापन के साथ-साथ अन्य शिक्षकोत्तर गतिविधियों में रेडक्रॉस की गतिविधियां अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है, इसी के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस का संचालन किया जाता है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षकों (काउंसिलर) संख्या 111 का रेडक्रॉस से संबंधित समस्त प्रशिक्षण एवं प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण का आयोजन जिला स्तर पर





किया गया। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस बुधवार को समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे पदेन अध्यक्ष जूनियर रेडक्रॉस महासमुंद, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष संदीप कुमार दीवान, इसके साथ ही बतौर विशिष्ट अतिथि पारस चोपड़ा, संजय शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, अभिषेक पांडे, आशीष पांडे, सती साहू, करुणा शुक्ला, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जुलाई को हुआ, जो कि प्रशिक्षण का द्वितीय चरण था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संदीप दीवान सभापति रेडक्रॉस महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में ऐतराम साहू जिला अध्यक्ष स्काउट एवं गाइड संघ, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौर, अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक महासमुंद एवं राजेश्वर खरे, प्रेम चंद्राकर, माधव लाल टांकसाले, अभिषेक पांडे और आशीष पांडे सदस्य प्रबंध संचालन, अरशी अनवर एवं सीएमएचओ डॉ. आई नागेश्वर राव उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महासमुंद जूनियर रेड क्रॉस सचिव किरण पटेल विकासखंड महासमुंद, परसराम सिन्हा सचिव विकासखंड जूनियर रेडक्रॉस बागबाहरा एवं विकासखंड पिथौरा सचिव जूनियर रेड क्रॉस पिथौरा दिनेश कुमार साहू के कुशल नेतृत्व में तीनों विकासखंड के रेड क्रॉस काउंसलर का प्रशिक्षण विधिवत प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेडक्रॉस के वार्षिक कैलेंडर पर चर्चा की गई और आगामी समय में रेडक्रॉस के समस्त गतिविधियों को स्कूली विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अंशुमन तांडी, रामकुमार जांगड़े, प्रकाश दास मानिकपुरी एवं लोकेश्वरी साहू, विनीता अंजलि दीवान, नोबेल ध्रुव, भावना पांडव, यशोदा चौहान, पुष्पलता भार्गव, तेजलाल देवांगन रेडक्रॉस कार्यालय प्रभारी एवं द्वारका प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन किरण पटेल ने। संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में हुआ।

## समीक्षा : बागबाहरा जनपद में बिहान योजना की समीक्षा बैठक

# बागबाहरा में दीदीयों ने आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत कार्यरत कैडर और चारों क्लस्टर तेंदूकोना, खल्लारी, कोमाखान और खम्हरिया की दीदीयों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनपद अध्यक्ष केशव नायक चंद्राकर एवं सीईओ मनहरण लाल मरावी की उपस्थिति रही। बैठक में बिहान योजना की प्रगति, आजीविका संवर्धन और दीदियों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में क्लस्टर प्रमुखों एवं कैडर सदस्यों ने अपनी समस्याओं और जरूरतों को जनपद अध्यक्ष के समक्ष रखा। खासकर स्थायी भवन की अनुपलब्धता को लेकर चिंता जताई गई, जिस पर समाधान के लिए शासकीय भवनों के उपयोग अथवा नए भवन निर्माण की योजना बनाई गई।



### दीदीयों की सफलता की गूंज, अब सरपंच से लेकर जनपद सदस्य तक की भूमिका में दिख रही हैं महिलाएं

सीईओ मरावी ने बैठक में जानकारी दी कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत 5000 से अधिक मकान वर्तमान में ढलाई के चरण में हैं, लेकिन मार्केट में सेंटरिंग प्लेट की कमी निर्माण में बाधक बन रही है। ऐसे में महिला स्व-सहायता समूहों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे सेंटरिंग प्लेट की आपूर्ति कर आर्थिक लाभ प्राप्त करें। इसके लिए क्लस्टर स्तर पर पहले से ही राशि उपलब्ध है और उचित मार्गदर्शन से दीदीयां इस क्षेत्र में सफल उद्यमिता की मिसाल बन सकती हैं। जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने बैठक में स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहान योजना के माध्यम से बागबाहरा की दीदीयां न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी सशक्त हो रही हैं। इस संदर्भ में उन्होंने तेंदूकोना की सरपंच देवंतीन दीवान और खल्लारी क्लस्टर की अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चंद्रकला साहू का उल्लेख किया, जो स्वयं बिहान से जुड़कर नेतृत्व की भूमिका में आई हैं।

अध्यक्ष चंद्राकर ने सभी क्लस्टर की आमसभा एवं ईसी बैठकों में शामिल होने का आमंत्रण स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि वे स्वयं भी दीदियों के साथ रहकर उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक क्लस्टर से कम से कम एक दीदी का ऐसा समूह तैयार किया जाए जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन सके। सी-मार्ट के माध्यम से दीदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार से जोड़ने और उन्हें आय का स्त्रोत बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। साथ ही यह भी विचार हुआ कि कैसे विभिन्न विभागीय योजनाओं से समन्वय स्थापित कर दीदियों को और अधिक अवसर मुहैया कराए जा सकते हैं। इस अवसर पर चारों क्लस्टरों के अध्यक्षगण, पीआरपी, बिहान प्रभारी अकल देव निषाद तथा बड़ी संख्या में बिहान योजना से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस प्रेरक बैठक में भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं और समाधान के प्रति प्रशासन के संजीदा रवैये के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बिहान योजना के अंतर्गत कार्यरत महिलाएं आज बागबाहरा जनपद की शान बन रही हैं। वे न केवल अपने परिवार को संबल प्रदान कर रही हैं, बल्कि पूरे समाज के विकास की धुरी बन चुकी हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला पंचायत सदस्यों ने रोपे पौधे



**भंवरपुर।** एक पेंड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के ग्राम पंचायत रोहिना में सघन जनसम्पर्क के दौरान प्राथमिक शाला भवन प्रांगण में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति, कुमारी भास्कर सभापति जप सभापति द्वारा पौध रोपण किया गया।

इस अवसर पर मोंगरा पटेल ने एक पेड़ मां के नाम पर कहा कि पेंडों का हमारे जीवन में काफी अधिक महत्व है। आक्सीजन देकर हमारे जीवन को सुरक्षित रखता है। देवकी दीवान ने उपस्थित लोगों से अव्हान किया कि जन्म लेने वाले शिशु के नाम, मृतक के नाम, हर त्योहार के नाम, प्रथम धान बोवाई के नाम पौधरोपण कर उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लेने की अपील की। सभापति कुमारी भास्कर ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्र में सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ, सहकारी समिति अध्यक्ष उत्तर निषाद, मनबोद मीरी, सुरेंद्र सेठ मालया एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केशव सेठ ने किया।

### मंजूरी ली गई सोलर स्ट्रीट लाइट की, खरीदी गई स्ट्रीट लाइटः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि भाजपा राज में छत्तीसगढ़ के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने बताया कि किस तरह क्रेडा की मंजूरी लिए बगैर ही दो साल में 30 करोड़ की स्ट्रीट लाइट की खरीदी की गयी, इसमें गंभीर बात ये है कि फाइलों मंजूरी सोलर स्ट्रीट लाइट की ली गयी जबकि खरीदी स्ट्रीट लाइट की गयी। फर्जीवाड़ा इतना बड़ा कि जिलों के ग्राम पंचायतों ने अपनी मर्जी से जिस कंपनी से जो चाहा खरीद लिया। बिना जांच के कंपनी को भुगतान भी हो गया। मामला पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार का है। 30 करोड़ से ज्यादा की खरीदी बिना किसी दस्तावेजों और परीक्षण के कर ली गई। जांच करने वाली समिति का दावा है कि अधिकतर खरीदी कागजों में की गई।

## श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भक्तों को खीर प्रसाद का वितरण



**भंवरपुर।** श्रावण माह के आते ही महादेव के भक्त महादेव के भक्ति में लीन नज़र आ रहे हैं। श्रावण के प्रथम सोमवार को बसना ब्लॉक के ग्राम बड़े साजापली में जन कल्याण सेवा समिति बड़े साजापाली के सदस्यों द्वारा खीर प्रसाद का वितरण किया गया। बता दें कि यह समिति लगातार जनहित की कार्य करती रहती हैं। श्रावण के प्रथम सोमवार को बड़े साजापाली बस स्टैंड में सभी राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इश्कुमार साहू, मनभावन साहू, केशव साहू, गुलशन साहू, राजेश साहू, ईश्वर साहू, मनोहर साहू, करन सिदार, कमल किशन, द्रविड़ सिदार, ओम प्रकाश साहू, शिव राम निषाद, निरंजन सोनार, अशोक साहू, खिरकुमार साहू, सहित गांव ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम. चौधरी के मार्गदर्शन में मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही की थीम में 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग प्रति वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाता है। ताकि, मां और बच्चे के स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के लिए दो जन्मों के बीच अंतराल के महत्व पर जोर दिया जा सके। गर्भधारण के लिए सही समय और अंतराल पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति किये जाने का निरंतर प्रयास किया जाना है। इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के अंतर्गत ग्राम राटापाली में परिवार नियोजन के सम्बन्ध में स्वास्थ्य जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आरएचओ डिलेश्वरी परमार ने परिवार नियोजन के साधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि परिवार नियोजन के दो प्रकार होते हैं। एक स्थाई एवं दूसरा अस्थाई। स्थाई साधनों में महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी शमिल है। अस्थाई साधन के रूप में माला एन, छाया, अंतरा इंजेक्शन, निरोध एवं ईजी पिल उपलब्ध है, जो कि शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क प्रदान की जाती है। हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों का चयन कर सकता है। कार्यक्रम में आरएचओ डिगेंद्र परमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी पटेल, मितानिन रेणुका पटेल मौजूद रहे।



## समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बिंदिया को ट्रायसाइकिल एवं बैसाखी वितरित

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला प्रेतनडीह में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग छात्रा बिंदिया यादव (अस्थिबाधित) को ट्राइसाइकिल एवं बैसाखी प्रदान की गई। साथ ही दो नवचिन्हित दिव्यांग छात्र एक श्रवण बाधित और एक मानसिक रूप से दिव्यांग का चिन्हांकन कर आगामी सहायता के लिए आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की गई।

कार्यक्रम का संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। शाला प्रबंधन समिति की सक्रिय सहभागिता तथा शिक्षकों और समुदायजनों की भागीदारी इस आयोजन को विशेष बना गई। इस अवसर पर सरपंच दीपक ओगरे, शिक्षाविद उत्तम बारीक, उच्च प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुदर्शन बाड़ा,



प्राथमिक शाला के शिक्षक परीक्षित मांझी, उपसरपंच प्रतिनिधि सुदाम भोई, बीआरपी रम्भा जायसवाल, संकुल समन्वयक किशोर पटेल, पालकगण होरीलाल रात्रे और सुजीत बारीक उपस्थित रहे।

शिक्षकों में प्रधान पाठक हेमंत चौधरी (उच्च प्राथमिक शाला), प्रधान पाठक नीता पटेल (प्राथमिक शाला), वरिष्ठ शिक्षक गोपीनाथ कर, किरण यादव, कनकलता राजहंस एवं चंद्रशेखर साहू का आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस पहल से न केवल दिव्यांग बच्चों को सुविधा मिलेगी, बल्कि समावेशी शिक्षा को भी नई दिशा और संबल मिलेगा।

# नमस्ते दिवस पर मणिकंचन केंद्रों में सफाई कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 16 जुलाई को नमस्ते दिवस मनाया जा रहा है। नमस्ते दिवस पर पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, बाल संरक्षण के जिलाध्यक्ष संदीप दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका नानू भाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंग पाली, पार्षदगण चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, माखन पटेल, सीता तोंडेकर, भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पूर्व पार्षद अरविन्द प्रहरे, समीर करकसे, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी शहर के चारों मणिकंचन सेंटर (कचरा कलेक्शन केंद्र) क्रमशः खरोरा, तुमाडबरी, दलदली रोड, खैरा स्थित में पहुंचकर सफाई



दीदियों एवं मित्रों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया।

सावन माह पर उन्हें मेहंदी, नेलपालिश, चूड़ी, बिंदी व श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। चारों सेंटर में लगभग 100 सफाई दीदीयां कार्यरत है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. चोपड़ा ने उनका हाल चाल जाना औक कहा कि छग की सरकार आप सभी के साथ हमेशा खड़ी है। 10 वर्षो से आपको सप्ताह में 1 दिन का अवकाश नहीं मिल रहा था, लेकिन प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने सप्ताह में 1 दिन का अवकाश जारी किया। साथ ही आप लोगों के लिए कई कल्याणकारी सौगात भी दी है। बाल संरक्षण के जिलाध्यक्ष संदीप दीवान ने सभी सफाई कर्मचारियों को नमस्ते कहते हुए कहा कि सरकार आज का दिन विशेष त्यौहार के रूप में मना रही है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि सफाई दीदी एवं मित्र नगर पालिका में सफाई के लिए रीढ़ की हड्डी है।

घर घर कचरा कलेक्शन कर कचरा संग्रहण केंद्र में लाते है। पहले 2 बजे प्रतिदिन छुट्टी हो जाती थी, लेकिन नगर पालिका अब जबरन 4 बजे तक कचरा कलेक्शन सेंटर में उपस्थित रहने का फरमान जारी किया गया है, जो अनूचित है। अगर इनका काम हो जाता है तो इन्हें 2 बजे जाने दिया जाए। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा की जाएगी। नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता व पूर्व उपाध्यक्ष नानू भाई ने कहा कि आपके कामों की जितनी तारीफ की जाये कम है। कई बार ई रिक्शा खराब होने पर आप अपने खर्च से भी बना देते है। क्योंकि, आपका जनता के साथ सहयोग की भावना है।

